# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),बदायूँ।
मा0 कांशीराम आवासीय कालोनी के पीछे, ग्राम–खेड़ा बुजुर्ग, बदायूँ–243601

e-mail – eejalnigambudaun@gmail.com


पत्रांक 2693 / J-J-M- / 110 दिनाँक– 10/7/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
जनपद– बदायूँ।

विषय– दिनाँक– 09.07.2026 को दैनिक भास्कर समाचार में प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनाँक– 09.07.2026 को दैनिक भास्कर में प्रकाशित समाचार **"पीपरी रघुनाथ में पेयजल आपूर्ति ठपः दम्मीनगर में जल जीवन मिशन की पाइप लाइन का कार्य अधूरा"** के सम्बन्ध में विवरण निम्नानुसार हैः–

**1– विकास खण्ड– बिसौली की पीपरी रघुनाथपुर पेयजल योजनाः–** पीपरी रघुनाथपुर पेयजल योजना **"जल जीवन मिशन"** कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन है, जिसमें वर्तमान तक बाउण्ड्रीवॉल, पम्प हाउस, पाइप लाइन एवं गृह संयोजन का कार्य पूर्ण है तथा अवर जलाशय के कार्य टॉप डोम तक पूर्ण करा दिया गया है। पेयजल योजना की भौतिक प्रगति 84 प्रतिशत है। उक्त पेयजल योजना के कैम्पस में अधिष्ठापित सोलर पैनल के तार चोरी होने के कारण पेयजल सप्लाई बाधित थी, जिसको फर्म द्वारा ठीक करा दिया गया है एवं वर्तमान में डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, जिस कारण ग्राम के कुछ स्थानों पर पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ग्राम में 02 गलियों में पाइप लाइन का कार्य शेष है, जिसके सम्बन्ध में कार्यदायी फर्म को निर्देशित कर दिया गया है। शीघ्र ही पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त पेयजल कनैक्शन कराया जाएगा। योजना के अवर जलाशय में वर्टिकल पाइप की फिटिंग का कार्य शेष है, जिसको पूर्ण कराने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित कर दिया गया है। भारत सरकार द्वारा उक्त पेयजल योजना की समयसीमा बढाकर 31 जनवरी, 2027 की गई है, जिसके अन्दर ही योजना के शेष कार्य पूर्ण कराकर ग्रामवासियों को पर्याप्त प्रेशर के साथ पेयजल आपूर्ति नियमित रूप से कराई जाएगी। **(फोटोग्राफ संलग्न)।**

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनाँक– उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), मुरादाबाद।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
4– मुख्य विकास अधिकारी महोदया, बदायूँ।
5– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर (खण्डान्तर्गत)।
6– मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, बदायूँ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

विकास खण्ड– बिसौली की पीपरी रघुनाथपुर पेयजल योजना।







